卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 324 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦5 सितम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## भर्ती में दौड़ लगाते चार अभ्यर्थी बेहोश



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आज दोपहर एसआई की पुलिस भर्ती के दौरान दौड़ लगा रहे चार अभ्यर्थी 46 वीं वाहिनी पीएसी के मैदान में बेहोश होकर गिर गये। जिससे वहां मौजूद पुलिस अधिकारियों में हड़कम्प मच गया। आनन फानन में सभी को उपचार के लिए एम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां दो की हालत चिंता जनक देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रैफर कर दिया। जानकारी के अनुसार 46 वीं वाहिनी पीएसी के मैदान में एसआई पुलिस भर्ती के लिए प्रदेश के अनेक जनपदों से अभ्यर्थी आये हुए हैं। बताया जाता है कि आज दोपहर करीब साढ़े बारह बजे मैदान में दौड़ लगा रहे द्वाराहाट निवासी 25 वर्षीय जगदीश चन्द्र पुत्र चनीराम, बागेश्वर निवासी 27 वर्षीय संतोष कुमार पुत्र गोबिंद लाल, 24 वर्षीय गौरव सिंह पुत्र हीरा सिंह तथा 24 वर्षीय राहुल अचानक मैदान में बेहोश होकर गिर गये। उन्हें तत्काल एम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां जगदीश व राहुल की हालत चिंता जनक देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रैफर कर दिया। पहाड़ व यहां के मौसम में काफी अंतर होने और गर्मी में दौड़ लगाने के कारण वह बेहोश हुए हैं।

## भाजपा के नेताओं पर लग रहे यौन शोषण के आरोप: आर्य

### 9 सितम्बर को कलेक्ट्रेट का होगा घेराव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा के कुछ नेताओं पर ही महिलाऔर बेटियों के साथ यौन शोषण के आरोप लग रहे



हैं। जो भाजपा के वास्तविक चहरे को उजागर कर रहा है। यह बात नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने आज सिटी क्लब में पत्रकारों से बातचीत( **शेष पेज सात पर** )

## कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत बने सीएम धामी के सचिव

### देहरादून, हरिद्वार समेत कई जिलों के डीएम बदले

देहरादून( उद संवाददाता)। उत्तराखंड में देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत को सचिव सीएम की जिम्मेदारी भी दी गई है। हरिश्चंद्र सेमवाल नए आबकारी आयुक्त होंगे। झरना कमठान को महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा का जिम्मा दिया है। सोनिका के स्थान पर सविन बंसल को देहरादून का डीएम बनाया गया है। धीराज सिंह गर्ब्याल की जगह कर्मेंद्र सिंह को हरिद्वार का डीएम बनाया है। वहीं, पिथौरागढ़ की डीएम रीना जोशी( **शेष पेज सात पर** )

## चैन व मोबाईल लूट के चार शातिर आरोपी गिरफ्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली किच्छा पुलिस द्वारा दो अलग अलग मामलों में चेन व मोबाईल लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। मामले का खुलासा करते हुए एसपी क्राईम चन्द्रशेखर घोडके ने बताया कि कोतवाली किच्छा मे अविनाश वर्मा पुत्र स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी मां सोनिया देवी रोज की तरह स्कूल से छुट्टी के बाद लौट रही थी। इसी दौरान सरस्वती पूर्व माध्यमिक विद्यालय वार्ड नं 09 किच्छा के द्वार पर पीछे से आए दो बाइक सवारों ने उनके गले से सोने की चैन को झपट ली और भाग गए। उन्होंने बताया कि घटना के खुलासे के लिए गठित टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास सभी सीसीटीवी ( **शेष पेज सात पर** )



बम्पर धमाका सेल बम्पर धमाका सेल
हर कम्पनी का माल कम्पनी से कम रेटों पर
1 से 15 सितम्बर 2024 तक
30 % से 50 % तक की भारी छूट
हॉकिन्स, युनाइटेड, प्रेस्टीज एवं पीएनबी के कूकर पर 45% तक विशेष छूट
बोरोसिल, मिल्टन सहित कई कम्पनियों की बोटल्स, कप-प्लेट सहित क्राकरी के सामान पर भारी छूट
हर प्रकार की खरीदारी पर भारी छूट पायें, जल्दी आये और लाभ उठायें
आपके शहर की सबसे पुरानी दुकान 1975 से आपकी सेवा में अब नये पते पर तीन मंजिल शो रूम में पहुंच गई है।
नया पता याद रखें-
गोल्डन एजेन्सीज
178, सिद्धू पैलेस वाली गली, आवास विकास, रूद्रपुर

## बंगाली समाज ने निकाली विधायक के पुतले की शव यात्रा

### बंगाली समाज का नही थम रहा गुस्सा, ट्रांजिट कैम्प में नारेबाजी के साथ फूंका पुतला


रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा विधायक मुन्ना सिंह चौहान द्वारा विधानसभा में चर्चा के दौरान बंगाली समाज के प्रति दिये गये वक्तव्य के बाद से बंगाली समाज में पनपा रोष थमने का नाम नहीं ले रहा है। आज बंगाली समाज के वरिष्ठ नेता परिमल राय के नेतृत्व में समाज के सैकड़ों महिला पुरूषों ने ट्रांजिट कैम्प में विधायक मुन्ना चौहान के पुतले की शव यात्रा निकाल कर पुतले को आग के हवाले किया। इससे पूर्व बंगाली समाज के सैकड़ों लोग गोविन्द मंदिर के समक्ष एकत्रित हुए। जहां उन्हें सम्बोधित करते हुए परिमल राय ने कहा कि लगता है विधायक मुन्ना चौहान को बंगाली समाज के इतिहास की कोई जानकारी नहीं है या फिर उन्होंने एक सोची समझी साजिश के तहत यह वक्तव्य दिया है। उन्होंने कहा कि एक ओर भाजपा जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटाती है तो वहीं दूसरी ओर उसके विधायक अलगाववाद की बात करते हैं। परिमल ने कहा कि बंगाली समाज पिछले कई दशकों से नमो:, शूद्र, व पोंड़ जाति को अनुसूचित जाति का दर्जा देने के लिए संघर्ष कर रहा है। इसके लिए प्रदेश सरकार( **शेष पेज सात पर** )



## कोतवाली परिसर में कटिया डाल हो रही बिजली चोरी

### सबका चालान काटने वाले पुलिस का आखिरकार कौन काटेगा चालान, कानून के रक्षक ही उड़ा रहे कानून की धज्जियां, विद्युत विभाग को लग रहा लाखों का चूना, विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर भी लगा सवालिया निशान

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। जिला मुख्यालय में कोतवाली पुलिस पर आम जनता द्वारा आये दिन कोई न कोई आरोप लगाये जाते रहे हैं। परंतु अब कोतवाली पुलिस का ऐसा गैर कोनूनी कारनामा सामने आया है जो पिछले काफी से समय से चला आ रहा है लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नही दिया या जानबूझ कर अपनी आंखें बंद कर ली। न ही कोतवाली के निरीक्षण के दौरान किसी पुलिस अधिकारी ने और न ही सम्बंधित विभाग के अधिकारी ने कोई कार्रवाई की। चौंकिये मत कोतवाली पुलिस यह गैर कानूनी कारनामा चोरी छिपे नहीं बल्कि खुले आम सब की नजरों के सामने ही कर रही है और यह कारनामा है कोतवाली परिसर में लगे विद्युत पोल में लगी तारों पर अवैध रूप से कटिया डालकर विद्युत चोरी करने का। कोतवाली का कार्यभार सम्भालने वाले कई इंस्पेक्टर आये और स्थानांतरित होकर चले गये लेकिन किसी ने भी कोतवाली परिसर में अवैध रूप से कटिया डालकर की जा रही विद्युत चोरी को रोकने के लिए ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं किया। अब कोतवाली का जिम्मा सम्भाले हुए इंस्पेक्टर भी अपने पुराने साथियों के मार्ग का अनुसरण करते हुए स्वयं के साथ ही अपने अधीनस्थ पुलिस कर्मियों को विद्युत चोरी में पूरा संरक्षण प्रदान कर रहे हैं। मानों सभी को विद्युत चोरी करने की अनुमति मिली हुई है। गौरतलब हो कि जनपद के पुलिस मुखिया सभी अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को हमेशा ईमानदारी से कानून का पालन करते हुए कार्य करने के लिए प्रेरित करते रहे हैं। लेकिन ( **शेष पेज सात पर** )



# पढ़ाई के साथ ही खेलों में भी सुनहरा भविष्य-डीएम

## रूद्रपुर में 32वें नवोदय विद्यालय राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता 2024 का हुआ आगाज,8 सम्भागों के 576 छात्र-छात्राएं कर रहे प्रतिभाग















रूद्रपुर(उद संवाददाता)।पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय रूद्रपुर में 32वें नवोदय विद्यालय राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता 2024 का आगाज हुआ। जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति उदयराज सिंह ने खेल ध्वज फहराकर व खेल मशाल प्रज्जवलित कर तीन दिवसीय खो-खो प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। उन्होने पीएसी के बैंड के साथ नवोदय विद्यालयों के विभिन्न सम्भागों से आये खिलाड़ियों के मार्च पास्ट की सलामी ली। नवोदय विद्यालय खो-खो प्रतियोगिता में पूरे देश के विद्यालयों के 08 सम्भाग लखनऊ सम्भाग, भोपाल, चंडीगढ़, हैदराबाद, जयपुर, पटना, पुणे व शिलांग सम्भागों के खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने जवाहर नवोदय विद्यालय के सभी सम्भागों से आये खिलाड़ियों को बधाई दी व खिलाड़ियों का आह्वान करते हुए कहा कि खिलाड़ी खेल भावना से खेलते हुए अपनी प्रतिभा को बेहतर ढंग से खेल के मैदान में प्रदर्शित करें। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ ही खेलों में भी सुनहरा भविष्य है। खेल शारीरिक व मानसिक विकास में महत्वपूर्ण है, स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन वास करता है। उन्होंने कहा कि खेलों से टीम भावना जागृत होती है और इच्छा शक्ति भी बढ़ती है जिससे जीवन में दृढ़ता आती है। उन्होंने खिलाड़ियो का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी अपना-अपना लक्ष्य निर्धारित करते हुए सकारात्मक सोच के साथ लक्ष्य प्राप्त करने के लिए पूरी निष्ठा, लगन व सयमबद्धता से कार्य करें। उन्होने कहा कि नवोदय विद्यालयों के पूरे देश के बच्चे खो-खो प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रहे है जिससे बच्चे विभिन्न प्रांतो के वैचारिक, सैद्धांतिक के साथ ही विभिन्न संस्कृतियों से परिचित होते है, जो विविधता में एकता के चरितार्थ का परिचायक है व राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। सहायक आयुक्त नवोदय विद्यालय लखनऊ सम्भाग सुमन कुमार ने सभी खिलाड़ियों को खेल में प्रतिभाग करने हेतु बधाई दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कंचन जोशी ने बताया कि खो-खो प्रतियोगिता में नवोदय विद्यालय के आठ सम्भागों के 576 छात्र-छात्राएं 14, 17 व 19 आयु वर्ग में प्रतिभाग कर रहे है। इस दौरान प्राचार्य नवोदय विद्यालय बागेश्वर कमल किशोर तिवारी, प्राचार्य बदायूं सत्यपाल गंगवार, उप प्राचार्य रूद्रपुर प्रमोद कुमार, डॉ0 अनुराग सहित बच्चों के अभिभावक व विद्यार्थी मौजूद थे।

## भाजपा नेता पर दुष्कर्म का केस दर्ज

अल्मोड़ा। भारी आक्रोश के बीच नाबालिग का दोबारा मेडिकल और बयानों के बाद निष्कासित भाजपा मंडल अध्यक्ष के विरुद्ध दुष्कर्म का मामला भी दर्ज कर लिया गया है। अब तक आरोपित भाजपा नेता पर नाबालिग से छेड़छाड़ की ही प्राथमिकी दर्ज की गई थी। आरोपित अभी 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जिला कारागार में बंद है। सल्ट क्षेत्र में बीते 24 अगस्त को भाजपा के मंडल अध्यक्ष भगवत बोरा पर नाबालिग के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया। आरोपित ने जंगल में बकरी चराने गई नाबालिग के साथ छेड़छाड़ की। जिसके बाद पीड़िता का पुलिस ने मेडिकल कराकर बयान दर्ज किए।

## बिस्कुट का लालच देकर मासूम से दुष्कर्म का प्रयास

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। बच्ची को बिस्कुट का लालच देकर एक युवक ने कमरे में ले जाकर गंदा काम करने की कोशिश की। इस दौरान मासूम के शोर मचाने पर आरोपी ने उसे छोड़ दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार शाम काशीपुर रोड स्थित आहूजा कॉलोनी के पार्क में बच्चे खेल रहे थे। इसी बीच फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी राहुल ढींगरा वहां पहुंचा और पांच साल की बच्ची को बिस्कुट देकर अपने कमरे में ले गया। उसने कमरा बंद कर अपने कपड़े उतारते हुए गंदी नियत से बच्ची का हाथ पकड़ लिया। खुद के साथ कुछ गलत होने का आभास होने पर बच्ची ने शोर मचा दिया। इससे लोग वहां पहुंच गए। बच्ची रोते हुए अपने परिजनों के पास चली गई। इस दौरान बच्ची को राहुल ने जान से मारने की धमकी दी। निहारिका तोमर, सीओ सिटी ने बताया कि युवक ने बच्ची को बहला फुसलाकर कमरे में ले जाकर जबर्दस्ती करने की कोशिश की। बच्ची छोटी थी मगर समझदार थी। उसे लगा कि उसके साथ गलत हो रहा है तो उसने शोर मचा दिया था। अभियुक्त के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। बच्ची का मेडिकल कराया गया है।

## शिक्षक सम्मान समारोह कल,बहुगुणा होंगे शामिल

गदरपुर । शिक्षक दिवस के पावन मौके पर शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान, सेवा, समर्पण एवं त्याग की भावना से शिक्षण कार्य कर रहे शिक्षकों के लिए शिक्षक समारोह का आयोजन 6 सितंबर दिन शुक्रवार सायंकाल 3:00 बजे से शहनाई



वाटिका आवास विकास गदरपुर उधम सिंह नगर उत्तराखंड में किया जा रहा है । शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री उत्तराखंड सरकार सौरभ बहुगुणा शामिल होंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा के अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज सेवी विनोद भुसरी सहभागिता करेंगे। परमजीत सिंह पम्मा एवं अश्वनी कुमार द्वारा आयोजित समिति द्वारा शिक्षक गणों से समय अनुसार कार्यक्रम में सहभागिता कर अनुग्रहीत करने की अपील की गई है।

## व्यापारियों को दिलाई भाजपा की सदस्यता

खटीमा(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सदस्यता अभियान के अंतर्गत नगर पालिका सभागार में शहर के व्यापारियों बुद्धिजीवी वर्ग एवं रिटायर्ड कर्मचारियों को भरतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलवाई। नगर पालिक सभागार में सदस्यता अभियान के जिला संयोजक गोपाल बोरा ने सभी



लोगो को बीजेपी की सदस्यता दिलवाई। बीजेपी के सदस्या आभियान के अन्तर्गत रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष इंद्रेश गुंबर, वरिष्ठ व्यापारी रामचंद्र प्रजापति, डॉक्टर बाबूराम अरोड़ा, हरीश बत्रा, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष अरुण सक्सेना, सोनू रोहेला, नीरज रस्तोगी, राजेश रोहेला, अनिल प्रजापति आदि उपस्थित रहें। सदस्यता अभियान की अध्यक्षता सदस्यता अभियान के नगर संयोजक सन्तोष अग्रवाल एवम संचलन सह संयोजक मनोज वाधवा ने किया।

## उत्तराखंड में कानून व्यवस्था धराशाई : रविंद्र सिंह आनंद

देहरादून (उद संवाददाता)। वरिष्ठ समाजसेवी व मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष रविंद्र सिंह आनंद ने प्रदेश में व्याप्त चोरी, डकैती ,लूट ,हत्या और बलात्कार पर सरकार को घेरते हुए कानून व्यवस्था को धराशाही बताया है ।देहरादून के प्रेस क्लब में पत्रकारों को संबोधित करते हुए रविंद्र आनंद ने कहा कि पिछले कुछ समय में चोरी, डकैती, लूट, हत्या और बलात्कार प्रदेश में एक आम बात हो गई है उन्होंने कहा जिस प्रकार आए दिन प्रदेश में अपराधिक मामले सामने आ रहे हैं और पुलिस प्रशासन उसमें बेबस दिखाई दे रहा है उससे उत्तराखंड में अराजकता जैसा माहौल फैल रहा है जिसके लिए पूर्णत: सुबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जिम्मेवार है क्योंकि वे राजनीतिक तौर से अभी अपरिपक्व है।उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की राजनीति के 24 साल के इतिहास में अब तक इतने कमजोर मुख्यमंत्री और मंत्री गण देखने को नहीं मिले हैं इससे यह साबित होता है कि वर्तमान मुख्यमंत्री और मंत्रीगण अपरिपक्व है उन्होंने कहा नित्यानंद स्वामी जी एनडी तिवारी से लेकर हरीश रावत तक जितने भी मुख्यमंत्री हुए उनमें सबसे कमजोर पुष्कर सिंह धामी साबित हुए, उन्होंने कहा वह अपने आप को धाकड़ धामी कहलवाते हैं जबकि



वास्तव में वह दब्बू धामी है । उन्होंने कहा जिस प्रकार सुबे के अंदर माफिया राज हावी हो रहा है और भूमाफिया खनन माफिया एवं शराब माफियाओं का राज है एवं भ्रष्टाचार भी अपने चरम पर है उससे तो यह साबित होता है कि सरकार सभी मोर्चा पर असफल हो चुकी है तो ऐसे में क्यों ना पुष्कर सिंह धामी को इस्तीफा दे देना चाहिए ?उन्होंने कहा आज जब वे मुख्यमंत्री सहित मंत्री गणों का आकलन करते हैं तो देखते हैं कि धन सिंह रावत जो की शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री हैं को उनके कद के अनुसार भारी दायित्व दिया गया है और वह भी अपने विभागों को नहीं चला पा रहे हैं उन्होंने कहा इसी प्रकार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के पास भी 30 से अधिक मंत्रालय हैं जिसमें गृह विभाग और कानून विभाग भी उन्हीं के पास है उन्होंने सवाल किया तो ऐसे में पुलिस और कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी किसकी है ? उन्होंने कहा की स्वयं मुख्यमंत्री इस बात को स्वीकार कर चुके हैं कि प्रदेश में कानून व्यवस्था धराशाई हो चुकी है तो ऐसे में उन्हें नैतिकता के आधार पर स्वयं ही इस्तीफा नहीं दे देना चाहिए ? उन्होंने कहा दूसरी ओर प्रदेश में नेताओं ने अपने बच्चों को राजनीति में स्थापित करने के लिए प्रदेश पर जबरन थोपा है उन्होंने कहा कि हमेशा विधानसभा अध्यक्ष उस व्यक्ति को बनाया जाता था जो राजनीतिक दृष्टिकोण से परिपक्व एवं वरिष्ठ हो परंतु वर्तमान में हम देखते हैं कि विधानसभा अध्यक्ष अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ते हुए प्रदेश पर थोपी गई है जिससे विधानसभा के कार्य भी ठीक ढंग से नहीं चल पा रहे हैं। उन्होंने सरकार को चेताते हुए कहा कि यदि जल्द ही कानून व्यवस्था पटरी पर नहीं लौटी तो वह उग्र आंदोलन करेंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन व मुख्यमंत्री की होगी । इस मौके पर श्री विपिन खन्ना ,दर्शन डोभाल, दीपक निमरनिया नवीन सिंह चौहान आदि मौजूद रहे ।

## अवैध शराब के साथ तस्कर दबोचा

सितारगंज(उद संवाददाता)। पुलिस ने अवैध शराब के साथ तस्कर दबोचा है। इस दौरान उसके कब्जे से 35 लीटर कच्ची शराब भी बरामद की है। वर्तमान में पुलिस मुख्यालय स्तर से प्रचलित आपरेशन प्रहार व अवैश शराब व अवैध मादक पदार्थ की तस्करी व बिक्री की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत कोतवाली सितारगंज पुलिस द्वारा बुधवार को चौकिंग के दौरान चौकी सरकडा क्षेत्र से अभियुक्त अमरजीत सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी बिछुवा भूडजाला थाना नानकमत्ता जनपद उधमसिंहनगर को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से लगभग 35 लीटर कच्ची शराब बरामद की गयी। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध आबकारी एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेज दिया है। इस मौके पर गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 सुरेन्द्र प्रताप सिंह बिष्ट चौकी प्रभारी सरकडा, कांस्टेबल विनित कुमार, मनोज कुमार आदि रहे।



# भाजपा ने बंगाली समाज का वोटबैंक के रूप में किया इस्तेमाल : ठुकराल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने रुद्रपुर सिटी क्लब में प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि उत्तराखंड विधानसभा के गैरसैंण में आयोजित मॉनसून सत्र में तराई में बसे बंगालियों के आरक्षण के संदर्भ में भाजपा विधायक मुन्ना सिंह चौहान का बयान अवांछित, अनावश्यक और तथ्यों से परे था। इस बयान से साफ हो गया कि तराई में बसे बंगालियों के बारे में भाजपा किस तरह दोहरी जुबान बोल रही है। मुन्ना सिंह चौहान ने उधमसिंह नगर जिले में बसे बंगाली समाज के लोगों के बारे में अपने वक्तव्य में कहा कि वे पश्चिम बंगाल से आकर यहां बसे हैं। यह सरासर गलत बयानी है। हकीकत यह है कि बंगाली समाज के लोग 1947 और 1971 में वर्तमान बांग्लादेश से विस्थापित हो कर आए और भारत सरकार ने उनको तराई में बसाया। वर्तमान उधमसिंह नगर जिले के तराई के इलाके को आबाद करने में सिखों के साथ ही बंगाली समाज



का भी अहम योगदान है। यह हैरत की बात है कि भाजपा वर्तमान में बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं के पक्ष में तो उत्तराखंड में जुलूस निकाल रही है, लेकिन दशकों पहले उसी भूभाग से उत्तराखंड में आये बंगाली समाज को उनका वाजिब अधिकार नहीं देना चाहती, इसलिए अपने विधायकों से गलत बयानी करवा रही है। श्री मुन्ना सिंह चौहान से ही हमारा प्रश्न है कि जब बंगाली समाज के लोगों को सरकार ने यहां स्थाई तौर पर बसाया तो वे अपने अधिकारों की मांग करने किस प्रदेश की सरकार के पास जायेंगे है ? भाजपा को यह भी जवाब देना चाहिए कि दिल्ली और देहरादून में उसकी सरकार लंबे अरसे से है, पिछले दस वर्ष उसके सांसद विधायक बंगाली समाज का वोट हासिल करके जीत रहे हैं तो फिर बंगाली समाज के आरक्षण की वाजिब मांग क्यों पूरी नहीं हो रही है ? साफ है कि बंगाली समाज का वोट बैंक के रूप में तो भाजपा इस्तेमाल कर रही है, लेकिन उनकी आरक्षण की वाजिब मांग के रास्ते में रोड़े अटकाने के लिए मुन्ना सिंह जैसे उसके विधायक, विधानसभा के पटल पर अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। इस दौरान पूर्व सभासद गोविंद राय, रविंद्रधर, जुरन मंडल, समाजसेवी संजय ठुकराल बंटी कोली आदि लोग उपस्थित थे।

# चेन स्नेचिंग की सूचना नहीं देने पर हेड कांस्टेबल को किया निलंबित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। चेन स्नेचिंग की घटना की सूचना आरटी सेट पर ड्यूटी पर होने के बावजूद चौकी बैल पड़ाव को न देने पर एसएसपी ने गंभीर रुख अपनाकर कार्रवाई करते हुए हेड कांस्टेबल को निलंबित कर दिया।साथ ही सभी थाना/चौकी प्रभारियों को भी सख्त निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार 3 सितंबर को मुखानी क्षेत्र में हुई चेन स्नेचिंग की घटना पर प्रहलाद नारायण मीणा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल ने कड़ा रुख अपनाया है। चेन स्नैचिंग की इस गंभीर घटना के बाद उन्होंने शहर की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पाया कि पुलिस कर्मचारी द्वारा आरटी सेट ड्यूटी पर नियुक्त रहते हुए उक्त घटना की सूचना चौकी बैलपड़ाव को न देकर अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले हेड



कांस्टेबल देशराज सिंह थाना कालाढूंगी, नैनीताल को प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। एसएसपी ने स्पष्ट किया है कि शहर की सुरक्षा के मामले में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही सभी थाना प्रभारी चौकी प्रभारियों को भी निर्देश दिए कि वे सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करें। जल्द से जल्द चेन स्नेचिंग की घटना को अंजाम देने वालों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया शिक्षक दिवस

नानकमता(उद संवाददाता)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय तपेड़ा में महान शिक्षाविद डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । सर्वप्रथम विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक हरीश कुमार एवं सेवानिवृत्ति अध्यापक दया शंकर शर्मा सहायक अध्यापिका सुमन लता मंदोला, सीमा कंचन के द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात छात्र छात्राओं के लिए सभी



शिक्षकों द्वारा विस्तार से डॉ राधा कृष्णन महोदय के जीवन वृत पर विस्तार से प्रकाश डाला गया. बच्चों ने इस अवसर पर केक काटकर शिक्षक दिवस का जश्न मनाया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में छात्र छात्राओं की सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के जीवन से संबंधित शिक्षक दिवस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में गगनदीप कौर कक्षा 7 प्रथम, बादल सक्सेना कक्षा 8 द्वितीय स्थान,जशनदीप कक्षा 8 ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र, छात्राओं को पूर्व प्रधानाध्यापक दया शंकर शर्मा द्वारा मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समय शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र एवं भोजन माताएं उपस्थिति रही।

# गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा रुद्रपुर द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल रही तीन बालिकाओं को किया गया सम्मानित

गदरपुर/रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रहते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल करने वाली तीन बालिकाओं को उत्साहवर्धन हेतु गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा गोल मार्केट रुद्रपुर, उधम सिंह नगर ,उत्तराखंड,की प्रबंधक कमेटी एवं स्त्री सत्संग सभा द्वारा सम्मानित किया गया । गुरुद्वारा साहिब में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रचारक रेशम सिंह ने बताया कि जसमीत कौर पाहवा पुत्री सरदार जसवंत सिंह द्वारा पीसीएस ,पल्लवी ठुकराल पुत्री पुत्री कृष्ण लाल ठुकराल द्वारा पीसीएस तथा





अवनी तिवारी पुत्री आर पी तिवारी द्वारा पीसीएस में डीएसपी रैंक प्राप्त करने पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित करने का निर्णय लिया गया । अमृत प्रचार संगत के जत्थेदार बाबा जगजीत सिंह ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पावन सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को अपना आशीर्वाद देते हुए स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति द्वारा शिक्षा अथवा अन्य क्षेत्र में अग्रणी रहकर अपने परिवार, स्कूल, समाज,क्षेत्र एवं देश का नाम रोशन किया जाता है तो गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियां एवं अन्य संस्थाओं द्वारा उन्हें उत्साहित किया जाना चाहिए। साथ ही आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों के बच्चों की शिक्षा हेतु सहायता के लिए भी गुरुद्वारा कमेटी को आगे चाहिए। इस मौके पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा रुद्रपुर के जनरल सकत्तर, रछपाल सिंह, गुरमीत सिंह बठला, भजन सिंह , रेशम सिंह, हरजीत सिंह,मान सिंह ग्रोवर के अलावा स्त्री सत्संग सभा की सदस्य परमजीत कौर,जसविंदर कौर, जसवीर कौर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय ।
नागाननाथ श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते ।।

हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एवं वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रूद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि



समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :

आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444


# डीएम ने ईवीएम, वीवी पैट वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उदय राज सिंह ने राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम, वीवी पैट वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षात्मक दृष्टि से लगाए गए अग्निशमन यंत्रो व सीसी



टीवी कैमरों को भी देखा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सहायक निर्वाचन अधिकारी को वेयर हाउस में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबन्द रखने तथा सीसी टीवी कैमरे के स्टोरेज ब्रेकअप पर भी नजर रखने एवं सफाई कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, तहसीलदार दिनेश कुटोला, सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र सिंह अधिकारी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी हंसा दत्त पाण्डे, भाजपा के गजेन्द्र प्रजापति, कांग्रेस के मनोज कुमार सिंह आदि मौजूद थे।


क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-



विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर

निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-

पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग

असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।

DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970

DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग

मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)

होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड


## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स अर्चिडपैनल इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ने खसरा संख्या 10, 11, 17, 19, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 60, 58, 36, 37, 38 प्लाट संख्या-10 सेक्टर 1 फेज- II सिडकुल, सितारगंज जिला उधम सिंह नगर (उत्तराखंड) में अपने प्रस्तावित 46800 MT प्रति वर्ष रेजिन (RESIN) बनाने का प्लांट की पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने हेतु राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (SEIAA) उत्तराखंड में आवेदन किया था जिसके क्रम में SEIAA ने उक्त परियोजना को EC Identification No- EC24C2410UK5786090N Dated 03-09-2024 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है जिसकी प्रति SEIAA के कार्यालय एवं पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के PARIVESH Portal में उपलब्ध है।

# दुर्घटना के आरोपी कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई है। आरोप लगाया गया है कि दुर्घटना का शिकार हुए युवक को एक कार ने टक्कर मारकर कुचल दिया और फिर चालक वाहन लेकर फरार हो गया। आनंद सिंह पुत्र स्व. बहादुर सिंह निवासी ग्राम नौगांव, पो. नायल, जिला अल्मोड़ा ने कोतवाली हल्द्वानी में शिकायत दर्ज कराई है कि 2 सितंबर की सुबह लगभग 5 बजे उनके भाई चन्दन सिंह रौतेला निवासी ग्राम नौगांव तहसील भनोली अल्मोड़ा अपने साथियों के साथ दौड़ने के लिए निकले थे। जब वे नैनीताल टाइल्स रामपुर रोड के पास पहुंचे, तो एक कार ने चन्दन सिंह को टक्कर मार दी। कार चालक ने चन्दन सिंह को कुचलते हुए वाहन को हल्द्वानी की दिशा में भगा दिया। चन्दन सिंह के साथी उसे तुरंत सुशीला तिवारी अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# दहेज में नहीं मिले आठ लाख तो विवाहिता को धक्के मारकर निकाला

काशीपुर। दहेज में आठ लाख रूपपों की नगदी न मिलने पर लोभी ससुरालियों ने एक और विवाहिता को धक्के मार कर बेघर कर दिया। पुलिस ने इस मामले में तहरीर के आधार पर पति सास व नन्द के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर थारी रामनगर नैनीताल निवासी जरनैल सिंह पुत्र बच्चन सिंह ने बताया कि बतौर दहेज आठ लाख की रकम न मिलने पर उसकी पुत्री के ससुराल वाले बेटी का बुरी तरह उत्पन्न कर रहे थे। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि जब उत्पीड़न का विरोध किया गया तो पति सास तथा नन्द नहीं आपस में एक राय होकर दहेज की खातिर विवाहिता को धक्के मार कर घर से बेघर कर दिया।

# धामी सरकार सदैव से बंगाली समाज की हितेषी : शिव अरोरा

## भाजपा विधायक शिव अरोरा ने विधायक मुन्ना सिंह चौहान के बयान पर जताया खेद

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने अपने कार्यालय पर पत्रकार वार्ता में बताया कि प्रदेश की धामी सरकार बंगाली समाज की सच्ची हितैषी रही है। वहीं मानसून सत्र के दौरान बेजेपी के वरिष्ठ विधायक मुन्ना सिंह चौहान द्वारा सदन मे दिये गये बयान को तोड़ मरोड़ पेश किया जा रहा है जिससे धार्मिक भावनाओं को ठेस ना पहुंचे । उन्होंने बताया कि सदन में एक विधेयक की चर्चा के दौरान विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने अपने एक निजी बयान जिससे उधम सिंह नगर क्षेत्र मे 1952 से रह रहे हमारे बंगाली समाज के उन लोगों से जुड़ा है जिन्होंने तराई क्षेत्र को अपने खून पसीने में मेहनत से सिचा है यह वह बंगाली समाज है जो उत्तराखंड मे 1952 से लगातार यहाँ आया ओर उसने पूर्वी पाकिस्तान जहाँ हिन्दुओ के कत्लेआम हो रहे थे अपनी संपत्ति, खेत, खलयान छोड़ के अपने धर्म से समझौता न करते हुए यहाँ उत्तराखंड आ के बस गये जो उस समय का उत्तर प्रदेश होता था ओर आज बंगाली समाज यहाँ का मूल निवासी है ओर हिन्दु धर्म के लिये सदैव समर्पित भाव से कार्य करता है। विधायक शिव अरोरा बोले मुन्ना सिंह चौहान का बयान से बंगाली समाज आहत हुआ है ओर मे स्वयं इस क्षेत्र से आता हूँ ओर बंगाली समाज की भावनाओं के साथ स्वयं को जोड़कर देखता हूँ, विधायक शिव अरोरा बोले विधायक चौहान का बयान उनकी निजी मत होगा इसका भारतीय जनता पार्टी से कोई लेना देना नहीं है भाजपा सदैव से बंगाली समाज की हितेषी रही है भाजपा सरकार ने बंगाली समाज के सर्टिफिकेट में पीछे लिखे जाने वाले पूर्वी पाकिस्तान शब्द जो अपने आप में कलंक था उसको हटाने का कार्य हमारे प्रदेश की पुष्कर सिंह धामी सरकार द्वारा किया गया, वही 14अगस्त 2023 को विभाजन की विभीषिका झेलने वाले बंगली समाज के बुजर्गो का विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम के माध्यम से सम्मानित करने का कार्य किया गया जिसमे प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धमी स्वयं मौजूद थे तो वही बंगाली समाज के इतिहास को संग्रह व स्मृति के किये विधयक द्वारा बंग भवन की मांग जिला मुख्यालय मे की गयी थी जिसको मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा घोषणा किया गया था ओर जिसका शासनादेश भी हो चुका है जो दर्शाता है भाजपा सरकार बंगाली समाज के साथ खड़ी है ओर विधायक द्वारा दिये गये बयान से भाजपा या प्रदेश सरकार का कोई लेना देना नहीं है, हम रुद्रपुर क्षेत्र मे सभी मिलकर प्रेम प्यार से एक दूसरे के साथ खडे रहते है, वही भाजपा सरकार ने विजय मंडल जो पूर्व दर्जामंत्री थे ओर वर्तमान मे उत्तम दत्ता को राज्यमंत्री बनाकर बंगाली समाज का सम्मान किया है ओर उनके साथ खडे है। ऐसे बयान से किसी भी जनप्रतिनिधि को बचना चाहिए। इस दौरान दर्जामंत्री उत्तम दत्ता, पूर्व दर्जामंत्री विजय मंडल, राजकुमार साह, तरुण दत्ता, दिलीप अधिकारी, जगदीश विश्वास सहित अन्य लोग मौजूद रहे।






# शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना को बनाए रखें : राज्यपाल

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने 'शिक्षक दिवस' के अवसर पर सभी शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि ये अवसर महान शिक्षक-दार्शनिक और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एस राधाकृष्णन की जयंती का प्रतीक है। मैं उन्हें अपनी ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ।यह दिवस हमारे शिक्षकों की कठिन मेहनत, समर्पण और उनके अमूल्य योगदान को सम्मानित करने एवं उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर देता है। हमारे देश के विकास और प्रगति में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। उनकी शिक्षाओं और मार्गदर्शन से ही हमारे बच्चे और युवा भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के योग्य बनते हैं। इस अवसर पर, मैं सभी शिक्षकों से यह अनुरोध करता हूँ कि वे निष्ठा और समर्पण भाव के साथ काम करते रहें। साथ ही, हमें भी चाहिए कि हम शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना बनाए रखें। शिक्षक समुदाय को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि वे ऐसे भावी नागरिक तैयार करने में सफल हों जो मन, वचन और कर्म से राष्ट्र की भलाई के लिए काम करने वाले हों।



# विभिन्न स्कूलों में शिक्षकों को सम्मानित किया

रूदपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने महान शिक्षाविद डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस शिक्षक दिवस के अवसर पर शहर के विभिन्न स्कूलों में दर्जन भर शिक्षकों को सम्मानित किया। इससे पूर्व श्रीमती शर्मा रविंद्र नगर स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहुंची, जहां उन्होंने शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। यहां श्रीमती शर्मा ने पांच शिक्षकों को शॉल ओढ़ाकर एवं माला पहनाकर तथा उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया, इस अवसर पर अपने संबोधन में श्रीमती शर्मा ने कहा कि शिक्षक समाज के दर्पण होते हैं, वह समाज में व्याप्त अंधियारे और बुराइयों को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, श्रीमती शर्मा ने कहा कि हमारे जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है, और शिक्षक हमें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए शिक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हैं स कांग्रेस नेत्री श्रीमती शर्मा ने कहा कि शिक्षकों को भगवान से भी ऊपर माना गया है,उन्होंने कहा गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पांव,बलिहारी गुरु आपने जिन गोविंद दियो बताए स बाद में श्रीमती शर्मा खेड़ा, आदर्श कॉलोनी, ट्रांजिट कैंप आदि क्षेत्रों में भी गई, जहां उन्होंने विभिन्न स्कूलों में शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों को सम्मानित किया स इस अवसर पर महान शिक्षाविद डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए और उन्हें श्रद्धांजलि दी गई,और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया स कार्यक्रम में श्रीमती शर्मा सहित शिक्षक के के शर्मा, कीर्ति निधि शर्मा, अन्नू सिंघल, मुन्नी आगरी, राजकुमारी कनौजिया, सहित महानगर महिला कांग्रेस की अध्यक्ष मोनिका ढाली, पूर्व सभासद रामकृष्ण कनौजिया, शिवपद सरकार, मानसिंह, बाबू विश्वकर्मा, पूर्व सभासद पुदेना सैनी, अनिल शर्मा, सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।



# नेत्रदान कर अमर हुए मोहन सिंह

गदरपुर( उद संवाददाता)। गदरपुर के मकरंदपुर निवासी मोहन सिंह कालड़ा लंबे समय से बीमार चल रहे थे और उनका आज सुबह निधन हो गया गांव के ही निवासी महेंद्र पाल सिंह ने जब उनके सिख समाज के कथा वाचक पुत्र दर्शन सिंह से वार्ता की तो वह परिवार नेत्रदान के लिए तैयार हो गया जिसके बाद सीआर मित्तल नेत्रदान केंद्र रूद्रपुर से संपर्क किया तो एसके मित्तल अपनी टीम के साथ मकरंदपुर गांव पहुंचे और नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी की इस मौके पर बोलते हुए एसके मित्तल में बताया कि कैंसर का मरीज नेत्रदान नहीं कर सकता और अन्य बिमारियों चाहे वह मोतियाबिंद के ऑपरेशन हो उम्र ज्यादा हो तब भी नेत्रदान कर सकते हैं एसके मित्तल ने बताया कि एक व्यक्ति के नेत्रदान करने से छे लोगों को कारनिया लगाए जा सकता हे जिससे 6 लोगों के जीवन में रोशनी आ सकती है वह देख सकते हैं समाज को जागरुक करने का प्रयास लगातार हम लोग कर रहे हैं।



# काजल गंगवार ने लिया नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य से आशीर्वाद

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। भाईचारा एकता मंच की मुख्य संयोजिका काजल गंगवार ने अपनी टीम के साथ नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य से आशीर्वाद लिया तथा नगर निकाय चुनाव सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। उल्लेखनीय है कि भाईचारा एकता मंच की मुख्य टीम ने विगत दिनों कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। और काजल गंगवार ने ओबीसी सीट होने पर नगर निगम के मेयर पद की दावेदारी भी पेश की है। आज उन्होंने नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य से उनके आवास पर पहुंच कर चर्चा की तथा उनका आशीर्वाद लिया। श्री आर्य ने भाईचारा एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष केपी गंगवार व पूरी टीम के साथ कई मुद्दों पर अहम चर्चा की तथा उन्हें संगठन के साथ-साथ पार्टी को मजबूत करने के लिए भी धन्यवाद दिया इस मौके पर भाईचारा एकता मंच की टीम के साथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष हिमांशु गावा, महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा,, भाईचारा एकता मंच के कोषाध्यक्ष स्वामी आधार श्रीवास्तव, कांग्रेस की महानगर सोशल मीडिया प्रभारी काजल चौहान मौजूद रहे।








# उत्तराखण्ड में मौन पालन उद्योग को नई ऊंचाइयां प्राप्त होंगी : राज्यपाल

## मौन पालन एवं शहद उत्पादन के क्षेत्र तकनीकी सहयोग एवं कृषकों के ज्ञानवर्धन हेतु गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय और स्लोवेनिया के एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट के मध्य समझौता



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मौन पालन एवं शहद उत्पादन के क्षेत्र तकनीकी सहयोग एवं कृषकों के ज्ञानवर्धन हेतु गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर और स्लोवेनिया के एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट के मध्य समझौता ज्ञापन (एमओयू) हस्ताक्षरित होने पर विश्वविद्यालय को बधाई दी। राज्यपाल ने कहा कि मौन पालन एवं शहद उत्पादन उत्तराखण्ड के किसानों के लिए आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत बन सकता है, और इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से राज्य के कृषि क्षेत्र को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह समझौता विश्वविद्यालय को मौन पालन के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर एक अग्रणी संस्थान बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।इस समझौते के अनुरूप पंतनगर विश्वविद्यालय में एक सेंटर ऑफ एक्सिलेंस स्थापित करने के साथ ही मौन पालन पर संयुक्त रूप से शोध कार्य करने, वैज्ञानिकों, छात्रों एवं अन्य कर्मियों को प्रशिक्षण एवं शोध कार्य करने हेतु आपसी आदान-प्रदान संयुक्त रूप से सेमीनार एवं कार्यशालाएं आयोजित करना आदि प्रस्तावित है। इन प्रयासों से न केवल कृषि आधारित उद्योगों को फायदा होगा, बल्कि राज्य के किसानों और उद्यमियों को भी आधुनिक तकनीकी जानकारी और सुविधाएं प्राप्त होंगी। यह समझौता दोनों संस्थानों के बीच शोध और तकनीकी आदान-प्रदान को और सुदृढ़ करेगा, जिससे उत्तराखण्ड में मौन पालन उद्योग को नई ऊंचाइयां प्राप्त होंगी। उल्लेखनीय है कि पूर्व में राज्यपाल ने पंतनगर विश्वविद्यालय को मौन पालन के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी सहयोग बढ़ाने हेतु निर्देशित किया था। इस दिशा में तेजी से कार्य करते हुए, विश्वविद्यालय ने एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट ऑफ स्लोवेनिया के साथ इस समझौते को संपन्न करने हेतु विश्वविद्यालय स्तर से शोध निदेशक डॉ. अजीत सिंह नैन एवं कीट विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रमोद मल की 2 सदस्यीय टीम द्वारा दिनांक 26 से 29 अगस्त 2024 तक स्लोवेनिया भ्रमण कर वहां के वैज्ञानिकों से मौन पालन के क्षेत्र में विविध संभावनाओं हेतु विचार-विमर्श करने के साथ ही एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट ऑफ स्लोवेनिया के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया।

# आएएन स्कूल ने किया अवनी तिवारी और जसमीत कौर का सम्मान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। आरएएन पब्लिक स्कूल ने पी.सी.एस. की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली अपनी पूर्व छात्रों अवनी तिवारी और जसमीत कौर का सम्मान



किया। विद्यालय में अवनी तिवारी और जसमीत कौर को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। अपने पुराने विद्यालय में आकर, अपनी प्रधानाचार्य व शिक्षकों से मिलकर अवनी और जसमीत अत्यंत भावुक हो गई। उन्होंने विद्यालय संस्थापक विंग कमांडर एच के राय जी, प्रबंधक श्रीमान मोहित राय जी, संचालिका श्रीमती निधि राय जी तथा प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट जी से आशीर्वाद लिया। सम्मान समारोह में जसमीत और अवनी ने अपने जूनियर्स का मार्गदर्शन कियाद्य उन्होंने छात्रों को जीवन में एकाग्रचित होकर अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए पूरे परिश्रम से अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। अवनी और जसमीत ने यह भी बताया कि वे लगातार कितने घंटे तक पढ़ाई करती थी, जिससे वह अपने लक्ष्य को पानी में सफल हो पाए। इसके पश्चात अवनी और जसमीत ने जूनियर द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए व उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। इस सुअवसर पर विद्यालय मैनेजमेंट कमेटी जसमीत के माता-पिता श्री जसवंत सिंह पेहवा एवं श्रीमती मनप्रीत कौर तथा अवनी के भाई श्री आकाश तिवारी को हार्दिक बधाई दी। आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल में अवनी 2012 में कक्षा 12 की तथा जसमीत 2014 में कक्षा 10 की छात्रा रही है। वहां उपस्थित सभी शिक्षकों ने अवनी तथा जसमीत को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# आरएएन स्कूल में 'कक्षा में एआई के उपयोग' कार्यशाला का आयोजन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। आर.ए.एन.पब्लिक स्कूल, रुद्रपुर में 'कक्षा में ए आई के उपयोग' विषय पर सीबीएई की क्षमता निर्माण कार्यक्रम के अंतर्गत एक का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में स्कूल की दोनों शाखाओं के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को कक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए आई) के महत्व और इसके उपयोग के बारे में



जानकारी देना था। शिक्षकों को ए आई की सहायता से प्रश्न पत्र बनाने और परीक्षण आयोजित करने के तरीकों के बारे में सिखाया गया। कार्यशाला के दौरान शिक्षकों ने ए आई तकनीकों को अपनाने और अपने शिक्षण पद्धति को और प्रभावी बनाने के प्रति गहरी रुचि दिखाई। इस कार्यशाला के मुख्य संसाधन व्यक्ति श्री अशिष कुमार पांडा, एक फ्रीलांसर, और श्री प्रतीक गोयल, गुरुकुल फाउंडेशन स्कूल, काशीपुर से थे। इन विशेषज्ञों ने शिक्षकों को ए आई के व्यावहारिक उपयोगों के बारे में व्यापक जानकारी दी और उन्हें इसे कक्षा में लागू करने के विभिन्न तरीके सिखाए।

# ग्राम पंचायत मडैयाहट्टू एवं ग्राम पंचायत मोहाली जंगल में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया

बाजपुर। बुधवार को प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान (पी एम जन मन) के तहत विकासखंड बाजपुर के ग्राम पंचायत मडैयाहटू एवं ग्राम पंचायत मोहाली जंगल में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे स्वास्थ्य विभाग द्वारा 15 लोगो का एन. सी डी. स्क्रीनिंग किया गया एवं 7 लाभार्थियों का टीकाकरण, व दवाइयां वितरण किया गयी। इसके अलावा शिविर में कृषि विभाग के अधिकारियों ने सूक्ष्म पोषक तत्व, टपक सिंचाई, कस्टम हायरिंग सेंटर सहित विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी दी गयी. साथ ही ग्राम्य विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, बाल विकास एवं परियोजना, जल निगम आदि से सम्बंधित अधिकारीगण एवं उनकी टीम सहित ग्राम प्रधान मडैयाहट्टू एवं ग्राम प्रधान मोहाली जंगल, ग्राम विकास अधिकारी (मडैयाहट्टू, मोहाली जंगल) उपस्थित रहे. बहुउद्देशीय शिविर में उपस्थित 7 विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों एवं क्षेत्र के सम्मानित जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। क्षेत्र की जनता द्वारा की गयी विभिन्न शिकायतों का निराकरण एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा दिये गये क्षेत्र के विकास हेतु विभिन्न प्रस्तावों को संबंधित विभागों को अग्रिम कार्यवाही हेतु उपलब्ध कराये गए।



# गर्भवती महिलाएं अपने सेहत के प्रति रहे सचेत

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के तहत गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन हुआ।कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को कुपोषण के साथ स्वास्थ संबंधी जानकारी दी गई। इस दौरान एक दर्जन महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम संपन्न हुआ। मंगलवार को नगर पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अरविंद पांडे ने कहा प्रदेश सरकार का उद्देश्य कुपोषण को समाप्त करना है। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने का कार्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ता करती है। उन्होंने सभी महिलाओं से अपने स्वास्थ के प्रति सचेत रहने की बात कही। कार्यक्रम में डॉक्टर विकास सचान ने कहा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रत्येक घर और प्रत्येक महिला के पास जाकर कुपोषण से होने वाली बीमारियों से अवगत कराती हैं। सीडीपीओ बीना भण्डारी ने बताया जिस प्रकार विभाग कुपोषण को समाप्त करने का प्रयास कर रहा है उसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं मिलकर सहयोग कर रही हैं। कार्यक्रम के दौरान 12 महिलाओं की गोद भराई की रस्म और 5 बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। राष्ट्रीय पोषण सप्ताह आयोजन के दौरान पंडाल में अन्य गांव के सेंटरो से विभिन्न प्रकार के खाद्य व्यंजन भी महिलाएं बनाकर लाई और महिलाओं और बच्चों को पोषण से संबंधित जानकारियां प्रदान की गई। वहां सविता सरकार, प्रभा मंडल, ज्योत्सना देवी, कुसुम देवी, कृष्णा, पूनम, अरुणा, सोनामनी, शिखा, गीता सरकार, अंजलि मुखर्जी आदि थी।



# सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीण विधायक गोपाल राणा से मिले

## विधायक ने दिया जल्द निर्माण का आश्वासन दिलाया

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। क्षेत्र की खस्ताहाल सड़कों की समस्याओं को लेकर ग्राम देवकली व दयोड़ी के ग्रामीणों ने क्षेत्र के विधायक गोपाल सिंह राणा से मुलाकात कर सड़क निर्माण की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा। ग्राम देवकली और दियोडी के ग्रामीण क्षेत्र के विधायक गोपाल सिंह राणा से उनके कैंप कार्यालय मिले और उन्हें ज्ञापन देते हुए कहा कि गांव की सड़क की हालत काफी खराब है। बरसात के समय गांव में सड़क से निकलना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने दोनों गांव की सड़कों का निर्माण करने की मांग करते हुए ज्ञापन सोपा। इस दौरान विधायक गोपाल सिंह राणा ने उनको आश्वासन दिलाया कि उनकी सड़कों के प्रस्ताव शासन को भेज दिए गए। बजट उपलब्ध होने पर सड़क का निर्माण जल्द शुरू हो जाएगा। श्री राणा ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं को लेकर वह काफी गंभीर है, उनके द्वारा नानकमत्ता क्षेत्र में कई सड़कों का निर्माण कराया गया है और कई सड़कों का निर्माण कार्य चल रहा है। ज्ञापन देने वाले में प्रधान पोस्टमैन, जोगिंदर सिंह, गुरमीत सिंह, कुलविंदर सिंह, कुलदीप सिंह मलकीत सिंह सतनाम सिंह गुरजीत सिंह आदि मौजूद थे।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# बलात्कारियों को मृत्युदंड

पश्चिम बंगाल सरकार ने बलात्कार के मामलों में दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए मौजूदा कानून में संशोधन कर नया विधेयक पारित कर दिया है। इसमें मामलों की जल्द जांच और त्वरित न्याय दिलाने के साथ-साथ दोषियों को मृत्युदंड की सजा का प्रावधान भी किया गया है। कोलकाता के आरजी कर कालेज एवं अस्पताल में एक महिला चिकित्सक के बलात्कार और हत्या के बाद प्रदेश सरकार ने यह कदम उठाया है। ऐसा पहली बार नहीं है जब किसी सरकार ने महिला सुरक्षा से संबंधित मौजूदा कानून में संशोधन किया है। इससे पहले भी केंद्रीय और राज्य स्तर पर संशोधन के जरिए कानूनों को कड़ा करने के प्रयास किए गए हैं। मगर, सवाल है कि क्या इन कोशिशों के बावजूद बलात्कार जैसे घृणित कृत्यों में कमी आई है? पश्चिम बंगाल के नए विधेयक में महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले यौन अपराधों को संज्ञेय और गैर-जमानती बनाया गया है। राज्य सरकार का दावा है कि बलात्कार से संबंधित केंद्रीय कानून में कुछ कमियां रह गई हैं, इसलिए विधानसभा में संशोधित विधेयक पारित किया गया। पर क्या कड़े कानून बना देने भर से महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर अंकुश लग पाएगा? दिसंबर 2012 में निर्भया कांड के बाद महिला सुरक्षा संबंधी केंद्रीय कानून में सख्त प्रावधान किए गए थे। यहां तक कि जघन्य अपराधों को अंजाम देने वाले किशोरों की उम्र सीमा को लेकर भी किशोर न्याय अधिनियम में संशोधन किया गया था। नवंबर 2019 में हैदराबाद में एक युवती के बलात्कार और हत्या के बाद आंध्र प्रदेश सरकार ने भी ऐसे मामलों में सख्त सजा का प्रावधान करने के लिए विधानसभा में संशोधित विधेयक पारित किया था। इन सारी कोशिशों के बावजूद राष्ट्रीय अपराध रेकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक 2012 से पहले हर वर्ष बलात्कार के औसतन पच्चीस हजार मामलों की तुलना में 2013 में यह आंकड़ा तैंतीस हजार और 2016 में उनतालीस हजार के करीब पहुंच गया। इससे साफ है कि सिर्फ सख्त कानून बना देने से किसी अपराध पर लगाम नहीं लगाई जा सकती। जरूरत है तो इन कानूनों को सख्ती से लागू करने और लापरवाही बरतने वालों की जवाबदेही तय करने की।

# नगर पालिका खटीमा, नगला एवं किच्छा की निर्वाचक नामावलियों के लिये समय निर्धारित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला अधिकारी उदय राज सिंह ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उत्तराखण्ड द्वारा जनपद ऊधम सिंह नगर की नगर पालिका खटीमा, नगला एवं किच्छा की निर्वाचक नामावलियों (मतदाता सूची) के विशेष पुनरीक्षण हेतु समय सारणी निर्धारित की गयी है। उन्होंने बताया कि निर्वाचक नामावलियों (मतदाता सूची) का विशेष पुनरीक्षण 09 सितम्बर से 16 अक्टूबर, 2024 तक किया जायेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि पूर्व में बनायी गयी निर्वाचक नामावलियों से नये परिसीमन के अनुसार वार्डवार मतदाताओं को चिन्हित कर नामावली को व्यवस्थित करना तथा नगर पालिका परिषद-खटीमा में सम्मिलित किये गये नये क्षेत्र में घर-घर जाकर गणना और सर्वेक्षण का कार्य 09 सितम्बर से 18 सितम्बर तक, व्यवस्थित निर्वाचक नामावलियों के अनुसार मतदाताओं को साफ्टवेयर पर वार्डवार शिफ्ट करना तथा नगर पालिका परिषद-खटीमा में सम्मिलित किये गये नये क्षेत्र की प्रारूप नामावली की पाण्डुलिपि तैयार करना, डाटा इन्ट्री आदि कार्य 19 सितम्बर से 29 सितम्बर तक, मुद्रित निर्वाचक नामावलियों के आलेख्य का प्रकाशन का कार्य 30 सितम्बर, निर्वाचक नामावलियों के आलेख्य का निरीक्षण तथा दावे/आपत्तियों प्राप्त करना 01 अक्टूबर से 08 अक्टूबर तक ( 02 अक्टूबर छोड़कर), दावे तथा आपत्तियों का निस्तारण 09 अक्टूबर से 11 अक्टूबर, पूरक सूचियों की तैयारी / डाटा एन्ट्री 13 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक तथा निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिये अन्तिम प्रकाशन 16 अक्टूबर 2024 को किया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचक नामावलियों में उन सभी व्यक्तियों के नाम सम्मिलित किये जायेगें जो 01 जनवरी , 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण के पश्चात की निर्वाचक नामावलियाँ ही आगामी सामान्य/उप निर्वाचन प्रयुक्त की जायेंगी।

# शिक्षक दिवस पर गुरूजनों ने काली पट्टी बांध जताया आक्रोश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। राजकीय शिक्षक संघ उत्तराखंड के आव्हान पर आज उत्तराखंड के सभी जिलों में शिक्षकों ने शिक्षक दिवस ना मनाते हुए काली पट्टी बांधकर प्रधानाचार्य के पदों की सीधी भर्ती को निरस्त करने का विरोध किया। राजकीय इंटर कॉलेज बागवाला में भी प्रांतीय उपाध्यक्ष राजकुमार चौधरी के नेतृत्व में शाखा के सभी सदस्यों ने शिक्षक दिवस ना मनाने का फैसला लिया। सभी शिक्षकों ने काली पट्टी बांध कर अपना विरोध दर्ज कराया। उनके द्वारा मांग की गई कि प्रधानाचार्य के सभी पदों पर शत प्रतिशत पदोन्नति हो।



ज्ञात हो कि शिक्षा विभाग में पिछले चार-पांच वर्षों से किसी भी संपर्क में कोई भी पदोन्नति नहीं हुई है। जिसको लेकर शिक्षकों में काफी रोष व्याप्त है। इस दौरान राकेश शर्मा, संजय श्रीवास्तव, विनोद टम्टा, विनोद मलकानी, कविन्द्र नेगी, उमाशंकर सिंह, मनोज कुमार, राजेन्द्र सिंह, शमशेर सिंह खोलिया व विजय जोशी आदि मौजूद थे।

# शिक्षक समाज निर्माण के शिल्पकार

शिक्षक दिवस एक ऐसा अवसर है जब हम उन व्यक्तियों को सम्मानित करते हैं जो शिक्षा के माध्यम से समाज को दिशा देने का कार्य करते हैं। एक शिक्षक का महत्व केवल शिक्षण तक ही सीमित नहीं होता है, बल्कि वह समाज के निर्माण में भी अपनी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कहा जाता है कि षशिक्षक बनाए जाते हैं, पैदा नहीं होते। इस उक्ति में निहित सच्चाई यह है कि एक अच्छा शिक्षक बनने के लिए न केवल किताबी ज्ञान की आवश्यकता होती है, बल्कि उसके साथ-साथ कुछ प्रमुख पेशेवर गुण जैसेआत्मचिंतन, सतत् सीखने, और शिक्षण के प्रति समर्पण की भी आवश्यकता होती है।एक अच्छा शिक्षक वह होता है जो शिक्षा को केवल एक विषय के रूप में नहीं बल्कि एक व्यापक मानवतावादी दृष्टिकोण से देखता है। बहुविषयक दृष्टिकोण के साथ, शिक्षक विभिन्न विषयों को जोड़ते हुए छात्रों को शिक्षित करते हैं। यह दृष्टिकोण छात्रों की सोचने की क्षमता को विस्तारित करता है और उन्हें देश और समाज की जटिल समस्याओं के समाधान के लिए तैयार करता है। इसके साथ ही, शिक्षक को निरंतर आत्मनिरीक्षण करते रहना चाहिए, जिससे वह अपने शिक्षण विधियों का मूल्यांकन कर सके और उन्हें और अधिक प्रभावी बना सके। आज की शिक्षा प्रणाली में एक शिक्षक का अनुसंधान उन्मुख होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह गुण उसे नए शिक्षण पद्धतियों और तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करता है, जिससे वह अपने शिक्षण को प्रभावी और समकालीन बना सके। एक अनुसंधान उन्मुख शिक्षक न केवल अपने ज्ञान को अद्यतन रखता है, बल्कि वह अपने छात्रों को भी अनुसंधान और नवाचार के महत्व से अवगत कराता रहता है। कक्षा शिक्षण अभ्यास के दौरान प्रयोगात्मक शिक्षण पद्धति से छात्रों को सीखने में मदद करना भी एक अन्य महत्वपूर्ण विशेषता है जो एक अच्छे शिक्षक को परिभाषित करती है। यह पद्धति सिद्धांतों को व्यावहारिक अनुभवों से जोड़ने में सहायक होती है। जब शिक्षक छात्रों को प्रयोगात्मक गतिविधियों के माध्यम से पढ़ाते हैं, तो छात्रों की सोच और समझ गहरी होती है। यह न केवल उन्हें अधिक आत्मविश्वास प्रदान करता है, बल्कि उनकी समस्या-समाधान की क्षमता को भी विकसित करता है। आज के डिजिटल युग में सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग एक शिक्षक के लिए अत्यधिक लाभकारी साबित हो सकता है। शिक्षक जो तकनीकी साधनों का उपयोग कर शिक्षण को संवादात्मक और आकर्षक बनाते हैं, वे छात्रों के बीच सीखने की रुचि को बढ़ावा देते हैं। डिजिटल उपकरणों और संसाधनों का उचित उपयोग न केवल शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाता है, बल्कि यह छात्रों के मनोबल को भी बढ़ाता है। उदाहरण के लिए, ऑडियो-विजुअल सामग्री का उपयोग, ऑनलाइन संसाधनों की उपलब्धता और इंटरएक्टिव पाठ्यक्रम छात्रों को विषयों की गहन समझ प्रदान करते हैं।शिक्षक की एक और महत्वपूर्ण भूमिका उसके सामाजिक दायित्व से जुड़ी होती है। एक अच्छा शिक्षक न केवल शिक्षण में कुशल होता है, बल्कि वह समाज के प्रति गहरी प्रतिबद्धता भी रखता है। वह छात्रों को न केवल पाठ्यक्रम की जानकारी देता है, बल्कि उन्हें नैतिक और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति भी जागरूक करता है। शिक्षक समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए अपने छात्रों को तैयार करता है, जिससे वे सामाजिक चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हो सकें। लगातार सीखते रहने और अपने प्रदर्शन में सुधार करते रहने की प्रतिबद्धता एक अच्छे शिक्षक की पहचान है। शिक्षा एक निरंतर परिवर्तनशील क्षेत्र है, जिसमें नए-नए शोध, पद्धतियां और तकनीकें उभरती रहती हैं। एक अच्छा शिक्षक वह होता है जो खुद को इन बदलावों के प्रति संवेदनशील रखता है और नए ज्ञान को आत्मसात करने के लिए हमेशा तत्पर रहता है। इस प्रक्रिया में आत्मचिंतन महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जहां शिक्षक अपने शिक्षण के अनुभवों का विश्लेषण करता है और उसमें सुधार की संभावनाओं को तलाशता है। शिक्षक केवल शिक्षा के साधक नहीं होते, बल्कि वे समाज के शिल्पकार होते हैं, जो भविष्य के नागरिकों को आकार देते हैं। उनके द्वारा दिए गए ज्ञान, नैतिकता और मूल्य छात्रों के जीवन पर स्थायी प्रभाव डालते हैं। इस शिक्षक दिवस पर, हमें यह स्मरण करना चाहिए कि शिक्षक का कार्य केवल शिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि वह एक समग्र प्रक्रिया है, जिसमें शिक्षक आत्म विकास, समाज सेवा, और सतत् सुधार के माध्यम से अपने छात्रों को एक बेहतर भविष्य के लिए तैयार करता है।इसलिए, इस अवसर पर हमें उन शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए जो अपने समर्पण, मेहनत और सतत् प्रयास से हमारे समाज को एक उज्जवल भविष्य की ओर ले जा रहे हैं। शिक्षक दिवस केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह हमें यह स्मरण कराने का समय है कि शिक्षक हमारे जीवन का वह आधार हैं जिनके बिना समाज का सही विकास संभव नहीं है।

-अनानास कुमार, दानपुर, रूद्रपुर

# पोथिंग में नन्दा सुनंदा महोत्सव की तैयारियां पूरी

कपकोट। तहसील मुख्यालय की ग्राम पंचायत कपकोट में आठ सितम्बर से शुरू हो नंदा सुनंदा महोत्सव (स्यौपाती) की तैयारियां और तेज हो गई हैं। मंदिरों में रंगाई पुताई का काम पूरा हो गया हैस विधायक निधि से मंदिर के आँगन में टिन शेड का निर्माण भी पूरा हो चुका है। मेले को लेकर लोगों में खाशा उत्साह है। विवाहिताएं भी पूजा और मेले के लिए अपने मायका आने की तैयारी करने लगी हैं। मालूम हो कि ग्राम पंचायत कपकोट में नंदा सुनंदा की पूजा आठ सितम्बर से शुरू हो रही है। मुख्य गांव और नंदा नौला स्थित माता के मंदिरों में रंग रोगन कार्य पूरा हो गया है।श्रद्धालु पोथिंग गांव से आने वाले भगवती माता और लाटू देवता के डंगरियों को निमंत्रण



देने के लिए आठ सितम्बर को जायँगे। उसी दिन सुबह शुभारम्भ पर महिलाएं सरयू से मंदिर तक गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकालेंगी। कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कपकोटी, व्यवस्थापक नवीन कपकोटी और महिमन कपकोटी के अनुसार पूजा के प्रस्तावित अधिकतर काम पूरे होने को हैं। पूजा और मेले को भव्य और दिव्य बनाने में क्षेत्र के लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। बरसात के दिनों में मंदिर के आँगन और माता की धूनी के ऊपर छत न होने से पूजा के कार्यों में व्यवधान आता था। पिछले दिनों लोगों के आग्रह पर विधायक गढ़िया ने अपनी निधि से दो लाख रुपए की लागत से टिन शेड का निर्माण करवाकर इस समस्या का समाधान कर दिया है। ग्रामीणों ने विधायक के सहयोग का आभार जताया है।

# "शिक्षक एक पारस मणि के समान"

शिक्षक एक मोमबत्ती के सामान है । जो खुद जलकर दूसरों को रोशनी देती है । शिक्षकों का बालकों के विकास में महत्वपूर्णयोगदान रहता है । एक आदर्श शिक्षक हमेशा बालकों को उन्नति के मार्ग पर अग्रसर होने में विशेष खुशी महसूस करता है । शिक्षक दिवस पर विभिन्न विद्यालयों में शिक्षकों को सम्मानित किया



जाता है व जगह जगह शिक्षकों के सम्मान में गोष्ठियां होती हैं । शिक्षक ही नहीं बल्कि हमें अपने से बड़ों का व अपने माता-पिता का भी सम्मान करना चाहिये व अध्यापकों को भी अपनी मर्यादा व ईमानदारी से अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिये व निष्ठा भाव से बच्चों को शिक्षा देनी चाहिये । किसी भी गरीब अमीर बच्चों में भेदभाव नहीं करना चाहिये । आज से 50 वर्ष पूर्व जनता इन्टर कालेज रुद्रपुर में रात को निशुल्क शिक्षा दी जाती थी व विद्यार्थी कालेज में ही रहते थे । निष्कर्ष रूप में आदर्श शिक्षक पारस मणि के समान होता है । जिस प्रकार पारस मणि को स्पर्श पाकर लोहा सोना बन जाता है । उसी प्रकार आदर्श शिक्षक से शिक्षा प्राप्त करके व उनके संपर्क में रहकर विद्यार्थी मानव रत्न बन जाता है । वास्तव में शिक्षक राष्ट्र की अमूल्य निधि है व राष्ट्र निर्माता है व उनके ऋण से उऋण नहीं हो सकता है स इसलिए शिक्षकों का सम्मान करना हमारा परम कर्तव्य है।

**प्रस्तुति- नरेश कुमार सेठ**

# बच्चों के जीवन में अध्यापक की बहुत महत्त्वपूर्ण भूमिका

आज का दिन हम सब शिक्षक दिवस या टीचर्स डे के रूप में मना रहे हैं। इस दिन हम अपने अध्यापकों और गुरुओं का सम्मान करते हैं। इस संसार में जब भी हमारे बच्चे यदि कोई विषय सीखना चाहते हैं तो वे एक ऐसे अध्यापक के पास जाते हैं जो उसमें निपुण हो। हम सभी यह अच्छी तरह जानते हैं कि एक अध्यापक की बच्चों के जीवन में बहुत महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। उनके मार्गदर्शन में बच्चा न केवल पढ़ना-लिखना सीखता है बल्कि भविष्य में बढ़ा होकर उन्हें क्या बनना है? इसकी जानकारी भी उन्हें अध्यापक के द्वारा ही मिलती है।इसी प्रकार यदि हम अपने आपको आध्यात्मिक रूप से विकसित करना चाहते हैं तो उसके लिए हमें वक्त के किसी पूर्ण गुरु के चरण-कमलों में जाना होगा क्योंकि एक पूर्ण सत्गुरु अध्यात्म के विषय में निपुण होते हैं। इस धरती पर हर समय कोई न कोई पूर्ण सत्गुरु अवश्य मौजूद होते हैं, जो हमें ध्यान-अभ्यास के द्वारा अपने अंतर में



मौजूद प्रभु-सत्ता के साथ जुड़ने में हमारी मदद करते हैं।जब हम उनके पास जाते हैं तभी हमें पता चलता है कि चौरासी लाख जियाजून में केवल मानव चोले में ही हम अपनी आत्मा का मिलाप पिता-परमेश्वर से करवा सकते हैं, जोकि मानव जीवन का मुख्य उद्देश्य है। वो हमें समझाते हैं कि पिता-परमेश्वर प्रेम के महासागर हैं, हमारी आत्मा उनका अंश होने के नाते प्रेम है और पिता-परमेश्वर को पाने का जरिया भी प्रेम ही है।वे न केवल आंतरिक अनुभव को पाने की विधि के बारे में हमें समझाते हैं बल्कि व्यक्तिगत तौर पर उसका हमें अनुभव भी देते हैं। इसके लिए जब वे हमें दीक्षा अथवा नामदान देते हैं तो हमें ध्यान-अभ्यास की विधि सिखाते हैं। वे हमें बताते हैं कि हम अपने ध्यान को दो भ्रूमध्य आँखों के बीच 'शिवनेत्र' पर एकाग्र करें। जैसे-जैसे हम ध्यान- अभ्यास समय देते हैं तो हम अपने अंदर प्रभु की ज्योति और श्रुति का अनुभव करते हैं।जिस प्रकार एक अध्यापक का कार्य बच्चों को शिक्षा के जरिये उनकी इच्छा के अनुसार दुनियावी मकसद तक पहुँचाना होता है। ठीक उसी प्रकार एक सत्गुरु भी प्रेम के जरिये पिता-परमेश्वर से जुदा हुई रूहों को उनके निजधाम सचखंड पहुँचा देते हैं। तो आईये! आज के दिन हम न सिर्फ अपने अध्यापकों का सम्मान करें बल्कि हम अपने आध्यात्मिक गुरुओं के प्रति भी आभार प्रकट करें क्योंकि उनके द्वारा ही हम इस जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति पाकर पिता-परमेश्वर में लीन हो सकते हैं।

**-संत राजिंदर महाराज**

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल की अंकतालिका जिसका अनुक्रमांक संख्या 0139382 वर्ष 2012 है। वास्तव में कहीं गुम हो गई है। जिसका किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उपयोग अवैध माना जायेगा।

**प्रमिला आर्या पत्नी श्री हेमचन्द्र आर्या,निवासी -ग्राम प्रिनरो बन्ना, जिला नैनीताल**

# पंतनगर में भारतीय जन औषधि केन्द्र का उद्घाटन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। भारतीय रेडक्रास समिति, पन्तनगर के तत्त्वाधान में आयोजित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र का उद्घघाटन डॉ० मनमोहन सिंह चौहान कुलपति गोबिन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि यह सुविधा भारत सरकार के प्रयासों को सार्थक करती है। यह प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र पंतनगर की जनता एवं विद्यार्थीयों के लिये बहुत्त लाभदायी एवं सराहनी कार्य है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भारतीय रेड क्रास समितिपन्तनगर को उनकी मदद की आवश्यकता होगी तो वह तत्परता से मदद करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा० अजय कुमार उपाध्याय, अध्यक्ष, भारतीय रेड क्रास समिति ने की और उन्होंने विगत वर्षों में भारतीय रेड क्रास समिति, पन्तनगर द्वारा किये गये कार्यों को संक्षिप्त में अवगत कराया। जैसे रक्तदान शिविर, विकलांगता शिविर एवं स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। अन्त में भारतीय रेड क्रास समिति के सचिव कृष्ण पाल राठी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि श्रीमती सीमा अरोरा वरिष्ठ महिला समाज सेविका, डा० जेपी जयसवाल, निदेशक, संचार डा० विशाल राणा, प्रबंध परिषद के सदस्य, डा० पी० प्रभाकरन, प्रभारी अधिकारी चिकित्सालय, डा० दीपक त्रिपाठी, चिकित्साधिकारी आदि मौजूद थे।



# पुलों के नीचे हो रहा खनन

बागेश्वर। रामगंगा नदी में बने पुल के ध्वस्त होने के बाद अब सत्तेश्वर पुल को भी खतरा बना हुआ है। सत्तेश्वर मंदिर को जाने वाले झूला पुल के समीप तस्करों द्वारा अवैध रूप से खनन किया जा रहा है। जिससे पुल के अपार्टमेंट को खतरा बना हुआ है। राजस्व पुलिस सिविल पुलिस खनन पर प्रतिबंध नहीं लगा पा रही है। जबकि ग्रामीणों ने राजस्व पुलिस पर मिली भगत का आरोप लगाया है। रविवार की रात सरयू नदी के उफान में आने के कारण रामगंगा नदी में बागेश्वर व पिथौरागढ़ जनपद को जोड़ने वाला पुल क्षतिग्रस्त हुआ था जिस पर जिलाधिकारी ने आवश्यक निर्णय लिया था। वहीं पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण ने शोशल मीडिया में पुल के गिरने के पीछे सत्ता पक्ष के ठेकेदारों द्वारा गुणवत्ता विहीन कार्य करने, घटिया किस्म निर्माण सामग्री लगाने से पुल के गिरने के आरोप लगाते हुए मामले कि उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। वही बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले को जोड़ने वाला सत्तेष्वर मंदिर के समीप बने झूला पुल में खतरा उत्पन्न होने की संभावना बनी हुई है। पुल के नीचे लंबे समय से दर्जनों मजदूरों द्वारा खनन करके रेता व पत्थर निकाले जा रहे हैं जिससे पुल के अपार्टमेंट को खतरा बना हुआ है। ग्रामीण प्रताप सिंह, किशन सिंह,भवान सिंह बालम सिंह , ने बताया कि पुल के नीचे से खनन करने से पुल को खतरा बना हुआ है। वही खनन विभाग और प्रशासन द्वारा शिकायत के बाद भी खनन माफियाओं को संरक्षण देने के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि राजस्व पुलिस व वन कर्मचारी भी सब कुछ जानते हुए भी तस्करों के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पा रही है। उन्होंने खनन बंद किए जाने की मांग की है।

# एसएलओ के खाते से करोड़ो के घोटाले का भंडाफोड़ इंडसइंड बैंक के मैनेजर और महिला कैशियर गिरफ्तार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रुद्रपुर में सरकारी खाते से करोड़ों रुपये की धनराशि निकालने के मामले में पुलिस ने इंडसइंड बैंक के मैनेजर देवेंद्र सिंह निवासी काशीपुर और कैशियर प्रियम सिंह निवासी आवास विकास रुद्रपुर को गिरफ्तार किया है। बुधवार को एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने खुलासा करते हुए बताया कि सोची समझी साजिश के तहत सरकारी खाते से भ्रष्टाचार कर करोड़ों की रकम निकाली जा रही थी। अब तक 7. 5 करोड़ की धनराशि होल्ड कराई गई है। कुल 13 करोड़ 51 लाख 46 हजार रुपए तीन फर्जी चेकों से निकाले गए थे। सरकारी खाते के फर्जी चेक बैंक में लगाकर करीब 13.51 करोड़ की रकम उड़ाने के मामले में आरोपी बैंक का मैनेजर और कैशियर हैं। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य कई संदिग्धों की भी जांच की जा रही है। रुद्रपुर के एक बैंक में राष्ट्रीय राजमार्ग 74 अनुभाग के कंपिटेंट ऑथरिटी लैंड एक्जीक्यूशन (काला) और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) का संयुक्त खाता से 13 करोड़ 51 लाख 46 हजार रुपए के गबन की घटना का खुलासा हो गया है। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि यह गबन फर्जी चेकों के माध्यम से किया गया था, जिसकी जानकारी दो सितंबर को विशेष अध्यापित अधिकारी कोस्तुभ मिश्रा द्वारा दी गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की जिसमें इंडसइंड बैंक के कर्मचारियों से पूछताछ और सीसीटीवी फुटेज की जांच शामिल थी। जांच के दौरान सामने आया कि 28, 31 अगस्त और 2 सितंबर को बैंक में फर्जी चेक लेकर तीन अलग-अलग व्यक्तियों के आने की पुष्टि हुई। जांच में यह भी पता चला कि बड़े चेक की प्राप्ति पर खाता धारक की पुष्टि की जाती है। मामले की गहराई से जांच के बाद, बैंक के मैनेजर देवेंद्र सिंह और कैशियर प्रियम सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान और उनकी गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम गठित की गई है, जो सीसीटीवी फुटेज, कॉल डिटेल और लेन-देन की तस्दीक कर रही है।





# चोरी की बाइक संग एक गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा पुलिस द्वारा एक वाहन चोर को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 3 सितम्बर को मो. इस्माइल अशरफी पुत्र अब्दुल शकूर निवासी दुर्गा कालाँनी गोजाजाली द्वारा थाना बनभूलपुरा में मुकदमा दर्ज कराया गया कि उसकी मोटरसाईकिल संख्या यूके 04एन 4563 को गत 19 अगस्त को घर के बाहर से किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। मामले के विवेचके विवेचक अपर उनि विनोद कुमार द्वारा चैकिंग के दौरान आवला गेट रेलेवे फाटक के पास वाहन चोर विक्रम सुनार पुत्र रतन बहादुर निवासी चोरगलिया को मय उक्त चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस टीम में नीरज भाकुनी, थानाध्यक्ष बनभूलपुरा,उनि विनोद घई, कानि. सुनील कुमार व भूपेन्द्र जेष्ठा शामिल थे।



# आईएसबीटी में सामुहिक दुष्कर्म केस की चार्जशीट स्पेशल कोर्ट में दाखिल

देहरादून(उद संवाददाता)। आईएसबीटी परिसर में एक नाबालिग बालिका के साथ हुए दुष्कर्म मामले में दून पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 250 पन्नों की चार्जशीट स्पेशल कोर्ट में दाखिल कर दी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ ठोस साक्ष्य एकत्रित किए हैं और फास्ट ट्रैक कोर्ट में जल्द से जल्द न्याय दिलाने के लिए सख्त पैरवी की जाएगी। 17 अगस्त 2024 की रात एक नाबालिग के साथ बस में दुष्कर्म की सूचना बाल कल्याण समिति के सदस्य ने पटेलनगर थाना में दी। घटना के अगले ही दिन 18 अगस्त को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांचों आरोपियों को गिरफ्तार किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए 19 अगस्त को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया। 20 अगस्त को एसआईटी की एक टीम दिल्ली भेजी गई, जहां कश्मीरी गेट बस अड्डे और दिल्ली-देहरादून मार्ग से संबंधित सीसीटीवी फुटेज और अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित किए गए।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता के एलआईसी अभिलेखों में मेरा नाम निशा दर्ज है। जबकि मेरे आधार कार्ड आदि अभिलेखों में मेरा नाम मुस्कान दर्ज है। वास्तव में मुस्कान व निशा दोनों ही मेरे नाम हैं। मुझे दोनों ही नामों से जाना व पहचाना जाता है।

**मुस्कान पुत्री श्री इस्लाम खां**
**निवासी ग्राम अलीनगर फरोजपुर**
**तहसील किच्छा, जिला**
**उधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड**

# झगड़ा फसाद के आरोपी पिता पुत्र गिरफ्तार

काशीपुर। बसपा नेता के साथ गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने पिता पुत्र को गंभीर धाराओं में नामजद किया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला बांसफोड़ान निवासी अख्तर अली महीगीर पुत्र अब्दुल करीम ने बताया कि उसकी दुकान के ठीक सामने उपरोक्त मोहल्ला निवासी विनय चौधरी पुत्र रमेश चौधरी तथा उसका पुत्र सौरभ अपराधी प्रवृत्ति के हैं। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते दिवस उसके कूलर कारखाने के पास अचानक पिता पुत्र आ धमके और मामूली बात पर गाली गलौज मारपीट शुरू कर दी। बसपा नेता ने जब इसका विरोध किया तो उसे मुंह खोलने के एवजज में जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने मामले में तहरीर के आधार पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

## पेज एक का शेष...

**भाजपा के नेताओं पर लग.......**करते कही। उन्होंने कहा कि पिछले काफी समय से प्रदेश में महिला अपराधों में जिस प्रकार से तेजी आई है वह निश्चित रूप से चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि एक ओर मुख्यमंत्री महिला सम्मान की रक्षा की बात कहते हैं तो वहीं दूसरी ओर प्रदेश में महिला अपराधों के मामलों में भाजपा के कई नेताओं के नाम सामने आ रहे हैं। जिस पर मुख्यमंत्री चुप्पी साध हुए हैं। श्री आर्य ने कहा कि भाजपा सरकार आरोपी नेताओं को संरक्षण प्रदान कर उन्हें कानून से बचाने के लिए हर संभव कोशिश करने में जुटी हुई है। प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से मजाक बनकर रह गई है। आपराधिक तत्वों में कानून का कोई डर नहीं रह गया है। उन्होंने प्रदेश सरकार पर धावा बोलते हुए कहा कि देवभूमि को भ्रष्टाचार से मुक्त करने का दावा करने वाली भाजपा सरकार वास्तव में आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हूई है। प्रदेश में आ रही आपदा में राहत कार्य के नाम पर भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है। निर्माण कार्यों में भारी धांधलियां बरती जा रही हैं। श्री आर्य ने कहा कि बिगड़ती कानून व्यवस्था के विरोध में आगामी 9 सितम्बर को कांग्रेस द्वारा जनपद उधमसिंह नगर में कलैक्ट्रेट का घेराव किया जायेगा। जिसमें हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा,प्रदेश कांग्रेस वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा,वरिष्ठ कांग्रेस नेता पुष्कर राज जैन सहित काफी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

**कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत........**की जगह विनोद गिरी गोस्वामी को जिम्मेदारी सौंपी है। बागेश्वर की डीएम अनुराधा पाल का तबादला अपर सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा पद पर किया गया है। उनकी जगह आशीष भटगई को भेजा गया है। चमोली के डीएम हिमांशु खुराना का तबादला मुख्य कार्याधिकारी पीएमजीएसवाई व सचिव सेवा का अधिकार आयोग के पद पर किया है, उनकी जिम्मेदारी संदीप तिवारी को दी गई है। अल्मोड़ा के डीएम विनीत तोमर का तबादला एमडी प्रबंधन केएमवीएन के पद पर किया है, यहां आलोक कुमार पांडे को भेजा है। कुल 32 अफसरों को इधर से उधर किया गया है।

**चैन व मोबाई लूट के चार....**कैमरा का अवलोकन किया तथा अपराधियों के फोटोग्राफ तैयार उनकी पहचान कर ली। उन्होंने बताया कि टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मामले के आरोपी मोहम्मद उजैर पुत्र मोहम्मद यासीन निवासी सैदपुर हॉकिंस थाना किला बरेली तथा तौफीक अहमद पुत्र अली अहमद निवासी गांव बसई थाना शाही बरेली को लूटी गई चैन तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल नंबर यूपी 25डीएम2034 सहित स्थान ग्राम गिरधरपुर के पास भागते हुए गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों ने पूछताछ के दौरानें वृद्ध महिला से चेन लूट किए जाने की बात को स्वीकार किया है। उन्होंने बताया कि अन्य मामलें में कौशल निवासी लालपुर से 8 जून को उसकी मोबाईल शॉप से चार लोगों द्वारा उसका मोबाईल लूट लिया गया। जिसके बाद उसके खाते से ऑन लाईन 3.80 लाख रूपये निकाल लिए गये। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों प्रज्ञात अरोरा पुत्र राजेश व रोहित निवासी लालपुर को गिरफ्तार कर लिया। जो कौशल के करीबी बताये जा रहे हैं। उनके फरार साथियों की तलाश की जा रही है।

**बंगाली समाज ने निकाली विधायक ....**द्वारा पूर्व में प्रस्ताव पारित कर केन्द्र सरकार को भेजा भी जा चुका है लेकिन यह मामला आज भी लम्बित रखा गया है। श्री राय ने कहा कि बंगाली समाज ऐसे किसी भी वक्तव्य को बर्दाश्त नहीं करेगा जिससे उसके स्वाभिमान को ठेस पहुंचती हो। उन्होंने कहा कि भाजपा का एक विधान एक निशान का नारा भी आज खोखला साबित हो रहा है। बंगाली समाज हमेशा एकजुट रहा है और रहेगा। उन्होंने कहा कि तत्कालीन सरकार द्वारा पूर्वी पाकिस्तान व बंगाल से यहां आये बंगाली समाज के लोगों को भूमि देकर विस्थापित किया गया था। जिसके बाद से समाज के लोगों ने यहां के विकास में हमेशा योगदान किया। साथ ही देश की आजादी के दौरान भी बंगाली समाज के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता है। लेकिन विधायक चौहान जानबूझकर इससे अंजान बनने की कोशिश कर रहे हैं। परिमल राय ने विधायक मुन्ना सिंह चौहान से अपने दिये गये वक्तव्य के लिए सार्वजनिक रूप से बंगाली समाज से माफी मांगने और प्राश्चयित के रूप विधायक पद से इस्तीफा देने की मांग की। इस दौरान अन्य कई वक्ताओं ने भी सम्बोधित किया। इसके बाद सभी लोग विधायक मुन्ना चौहान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनके पुतले की शव यात्रा लेकर निकल पड़े। जो गोबिन्द मंदिर से प्रारम्भ होकर क्षेत्र के कई मुख्य मार्गों से होकर गुजरती हुई वापस गोबिन्द मंदिर पहुंची जहां नारेबाजी के साथ विधायक चौहान के पुतले को आग के हवाले किया गया। इस दौरान नन्दशेखर गांगुली, भरत विश्वास, केरू मंडल, अमल सरकार, बाबू सरदार, रामपद मिस्त्री, मोती बाला, गौतम सिकदार, ब्रजेन मिस्त्री, शुभम दास, अर्जुन विश्वास, विराज साह, पिंटू राय, गोपी मंडल, संजीत सरकार, सुशीला, सरिता, सावित्री, झरना रानी, कुसुम देवी, ललिता साह, वासु साह, मिथुन साह, बिस्टू मंडल, अमल राय, सिद्धार्थ सरकार, खोखन बाछाड़, परिमल सरकार, पूरन साना, शुभम मंडल, शम्भू साह, तपन गोलदार, मंगल मंडल, रतन, कमल, मंगल सरदार, गोपी हालदार, मनोरंजन मजूमदार सहित बंगाली समाज के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

**कोतवाली परिसर में कटिया डाल..........**उनके आवास से चन्द कदम दूर कोतवाली परिसर में विद्युत चोरी के रूप में गैर कानूनी कार्य किया जा रहा है और वह भी पुलिस कर्मियों के द्वारा जो अपने आप में आश्चर्य जनक बात है। कोतवाली परिसर का निरीक्षण करने के दौरान पुलिस कप्तान की नजर विद्युत तारों पर डाली गई कटिया की ओर नहीं जाती है या वह जानबूझ कर इसे नजरअंदाज कर रहे हैं यह एक विचारणीय प्रश्न है। यदि हम बात करें विद्युत विभाग की तो इस गैर कानूनी कार्य में उनकी भी मिलीभगत होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। क्योंकि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी आम जनता के आवासों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में सर्वे कर विद्युत चोरी के मामले आये दिन पकड़ते रहते हैं। अधिकारियों की तहरीर पर ही पुलिस द्वारा आरोपी भवन स्वामियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया जाता है। साथ ही मौके पर केबल भी जब्त कर ली जाती है। लेकिन विभाग की कोतवाली परिसर में कभी भी ऐसी कोई कार्रवाई नजर नहीं आई । मानों ऐसा लग रहा है कि विद्युत विभाग के अधिकारियों ने कोतवाली पुलिस को विद्युत तारों पर कटिंया डालकर विद्युत चोरी करने की पूरी छूट दी हुई है। कोतवाली परिसर में विद्युत चोरी रोकने के लिए न तो पुलिस कप्तान गंभीर दिखाई दे रहे हैं और न ही विद्युत विभाग का कोई अधिकारी सब कुछ जानते हुए भी कोई कार्रवाई करने की कोशिश कर रहा है। दोनों ही विभाग के अधिकारी और कर्मचारी राज्य सरकार और विद्युत निगम को लाखों रूपये के राजस्व की क्षति पहुंचा रहे है। अब देखने वाली बात यह है कि कोतवाली परिसर में विद्युत चोरी रोकने के लिए क्या कोई कार्रवाई होती है या नहीं? या फिर रूद्रपुर कोतवाली परिसर विद्युत चोरी करने में आम जनता के लिए आदर्श बनकर सामने आयेगा।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स,
श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक- परमपाल सुखीजा**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'पहाड़' को कम रास आ रहा है 'सरकार का सस्ता गल्ला'

**कुमाऊं के पहाड़ी जिलों के 40 फीसदी उपभोक्ताओं ने अगस्त माह में नहीं लिया सस्ता राशन पहाड़ की अपेक्षा मैदान में सस्ता गल्ला प्राप्त करने की मारामारी ज्यादा ,उधम सिंह नगर जिले में अगस्त महीने में 85 फीसदी और जुलाई महीने में 90 फीसदी राशन कार्ड धारकों ने लिया राशन**

-अर्श-

रुद्रपुर। भीषण महंगाई के आज के दौर में भी कुमाऊं मंडल के पहाड़ी जिलों के उपभोक्ताओं को सरकार द्वारा प्रदान किया जाने वाला सस्ता गल्ला आजकल कम रास आ रहा है ,जबकि कुमाऊं के मैदानी जिलों में सस्ता सरकारी गल्ला लेने की होड़ मची हुई है। राज्य के खाद्य आपूर्ति विभाग के आधिकारिक वेबसाइट में प्रदर्शित आंकड़ों के अनुसार अगस्त महीने में कुमाऊं के पहाड़ी जिलों के 40 फीसदी उपभोक्ता राशन लेने के लिए सस्ता गल्ला विक्रय केंद्र नहीं पहुंचे । कमोबेश ऐसी ही स्थिति कुछ जुलाई महीने की भी रही, लेकिन जुलाई महीने में उपभोक्ताओं ने अगस्त के मुकाबले कहीं ज्यादा संख्या में सरकारी राशन लिया था। बावजूद इसके प्रदेश का खाद्य आपूर्ति विभाग पहाड़ के सस्ता गल्ला विक्रय केंद्र की बदइंतजामी को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। पात्र व्यक्तियों के सस्ता गल्ला विक्रय केंद्र तक न पहुंचने के पीछे खाद्य आपूर्ति विभाग के अपने अलग ही तर्क हैं।खाद्य आपूर्ति विभाग की आधिकारिक वेबसाइट से मिले आंकड़ों के मुताबिक कुमाऊं के छह जिलों में स्टेट फूड योजना, अंत्योदय अन्न योजना और प्राथमिकता वाले परिवारों के तकरीबन दस लाख से अधि क राशन कार्ड धारक हैं,जिन्हें प्रतिमाह सरकार की ओर से सस्ता गल्ला बांटा जाता है । खाद्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार कुमाऊं के छह जिलों में



सरकारी राशन का वितरण करने वाली सस्ता गल्ला की कुल 3898 दुकानें तथा प्रदेश के 13 जिलों में सस्ता गल्ला की नौ हजार से अधिक दुकानें हैं, जहां से पात्र व्यक्ति अपने-अपने राशन कार्ड की यूनिट के हिसाब से सस्ता गल्ला ले जाते हैं। मगर पिछले कुछ महीनो से कुमाऊं के सस्ता गला विक्रय केंद्र में देखा जा रहा है कि सस्ता गल्ला की दुकानों पर पहाड़ के जिलों की अपेक्षा मैदानी क्षेत्र के लोग अधिक पहुंच रहे हैं। इस क्रम में बताना होगा कि इस वर्ष अगस्त में पिथौरागढ़ के 35, अल्मोड़ा के 32 और बागेश्वर के 31 प्रतिशत लोग अपना राशन लेने के लिए सस्ता गल्ला दुकानों तक नहीं पहुंचे ।वहीं ऊधमसिंह नगर के सर्वाधिक 85 फीसदी तथा चम्पावत और नैनीताल जिले के 75 प्रतिशत कार्ड धारकों ने राशन लिया है। बात जुलाई माह की करें ,तो खाद्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार कुमाऊं के पिथौरागढ़, बागेश्वर, चम्पावत और अल्मोड़ा जिले में जुलाई महीने में भी 20 प्रतिशत लोगों ने सरकारी राशन का लाभ नहीं लिया था। जबकि नैनीताल और यूएस नगर में 90 प्रतिशत लोग राशन लेने पहुंचे थे ।जाहिर है कि पहाड़ की अपेक्षा मैदान की लोगों की सरकारी राशन पर निर्भरता अधिक है। पहाड़ के राशन कार्ड धारकों के सस्ता गल्ला विक्रय केदो से दूरी बनाने की मुख्य वजह सस्ता गला की दुकानों में समय पर राशन करना पहुंचना और राशन की क्वालिटी बेहद घटिया होना निकल कर सामने आई है, पर हैरत की बात तो यह है कि आपूर्ति विभाग खाद्य आपूर्ति विभाग घटिया राशन वितरण की अपनी करतूत को छिपाने के लिए अपने आधिकारिक आंकड़ों को ही झुठलाने में लगा है।

# जिले में बढ़ते अपराधों को लेकर डीजीपी से मिले ठुकराल

देहरादून (उद संवाददाता)। जनपद उधमसिंहनगर में निरंतर बढ़ रहे आपराधिक मामलों को लेकर आज पूर्व विधायक राजकुमार ने यहां पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार से उनके कार्यालय में मुलाकात की और उन्हें जनपद में बढ़ रही हत्याओं और महिलाओं से सम्बधित आपराधिक मामलों के साथ ही अन्य अपराधों की विस्तार से जानकारी देकर अपने स्तर से ठोस कदम उठाने का आग्रह किया। श्री ठुकराल ने बताया कि पिछले कुछ वर्षो से जनपद उधमसिंह नगर में आपराधिक ग्राफ तेजी से बढ़ा है।



विशेषकर महिलाओं व छोटी बच्चियों के साथ हो रहे रेप व उनकी हत्या से पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी लोग प्रश्नचिन्ह उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज मातृशक्ति घर से बाहर निकलते ही खुद को असुरक्षित महसूस करने लगी है। जनपद से बेटियों के लापता होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आपराधिक तत्व खुलेआम लूट, हत्या, छेड़छाड़, झपट्टामारी, वाहन चोरी आदि की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। सड़कों पर नो इन्ट्री में भारी वाहन बेखौफ शहर के बीच से होकर गुजर रहे हैं। जिस कारण कई दुर्घटनायें घटित हो चुकी हैं जिसमें कई लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा हैं। खुलेआम ओवरलोड़ वाहन शहरों के बीच सड़कों पर तेज गति से जा रहे हैं। लेकिन पुलिस इन पर प्रभावी ढ़ंग से अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। श्री ठुकराल ने कहा कि जनपद पुलिस द्वारा कई संगीन मामलों के जो खुलासे किये जा रहे हैं उन पर भी प्रश्न चिन्ह खड़े हो रहे हैं। जिससे लोगों का जनपद पुलिस पर से विश्वास उठता जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस की निष्क्रिय कार्यप्रणाली के कारण जनपद में कानून व्यवस्था पूरी तरह से पंगु होकर रह गई है। श्री ठुकराल ने कहा कि कानून व्यवस्था में बढ़ता राजनैतिक हस्तक्षेप भी चिंता का विषय बनता जा रहा है। उन्होंने डीजीपी से जनपद उधमसिंहनगर में कानून व्यवस्था पुख्ता करने के लिए अपने स्तर से ठोस कदम उठाने का आग्रह किया।

# शिक्षक करते हैं समाज का उत्थान: मित्तल

सितारगंज( उद संवाददाता) शिक्षक दिवस के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय प्रथम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वरिष्ठ समाजसेवी महेश मित्तल ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर



प्रकाश डालते हुऐ बताया कि पूर्व राष्ट्रपति का प्रारम्भिक जीवन शिक्षक के रूप में युवा पीढ़ी व देश के उत्थान के लिए समर्पित रहा। उन्होंने अपने जीवन में शिक्षा के माध्यम से बच्चों को राष्ट्र के प्रति जागरूकता लाने व समाज में शिक्षा से समाज सुधार की योजनाओं को पटल पर लाने हेतु प्रेरित किया। समाजसेवी महेश मित्तल ने इस मौके पर सभी शिक्षकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पावन बड़सीवाल,राजकुमार सिड़ाना, प्रध ानाचार्या पूनम मिश्रा आदि मौजूद थे।

# पीसीएस अधिकारी बनने पर राशि को किया सम्मानित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग में पीसीएस की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात रुद्रपुर की बेटी राशि बुधलाकोटी का उपखंड शिक्षा अधिकारी पद पर चयन हो गया है ऐसे में आज शिक्षक दिवस के अवसर पर भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ के नेतृत्व में उन्हें स्वर्गीय हरी चंद मिड्ढा की स्मृति में युवा प्रतिभावान सम्मान से सम्मानित किया गया। भाजपा नेता चुघ ने कहा कि रुद्रपुर की बेटियों ने शहर को गोरवान्वित किया है। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की परीक्षा में शहर की चार बेटियां पीसीएस अधिकारी बनी हैं जो गर्व का विषय है ।उन्होंने कहा कि आज हर क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़ रही हैं और नित नए मुकाम स्थापित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सदैव महिलाओं की सुरक्षा और शिक्षा को लेकर हर संभव प्रयास करती है और



आगे भी करती रहेगी ।उन्होंने पीसीएस अधिकारी बनने पर राशि के उज्जवल की भविष्य की कामना की । पीसीएस बनी राशि की प्रारंभिक शिक्षा जेसीज पब्लिक स्कूल से हुई थी और उनकी माता जी भी इसी स्कूल में शिक्षिका है।इस दौरान बालकृष्ण मिड्ढा, रमेश मिड्ढा ,अक्षत मिड्ढा ,राजेंद्र पाल सिंह, नीलकंठ राणा आदि मौजूद थे।

# गदरपुर के स्कूलों में धूमधाम से मनाया टीचर्स डे

गदरपुर( उद संवाददाता )क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में शिक्षक दिवस के अवसर पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालयों में शिक्षकों व विद्यार्थियों ने शिक्षकों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहे भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति व द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद किया। शिक्षक से राष्ट्रपति तक का सफर तय करने वाले राधाकृष्णन के जीवन वृत्त और विचारों को शिक्षकों ने स्कूली बच्चों के बीच साझा किया। इस मौके पर विद्यालयों में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी जयंती मनाई गई। एस एस पब्लिक स्कूल,सेंट मेरी स्कूल,मोनाद स्कूल, पी एस मॉडल स्कूल, सिटी मॉडल स्कूल,जिज्ञासा एकेडमी, मोर्य एकेडमी,आदि विद्यालयों में शिक्षकों ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा पुष्पांजलि



अर्पित कर उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर दीप प्रज्ज्वलन भी किया गया। वहीं छात्र-छात्राओं के बीच कई कार्यक्रम आयोजित गए। और छात्रो ने शिक्षकों को पेन कॉपी देकर भी सम्मान दिया वही चित्रांकन, सामान्यज्ञान प्रश्नोत्तरी सरीखे कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

